दिनांकः 10.02.2026 समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

राज्य बजट 2026–27 के लिए काउंट डाउन शुरू हो गया हैं उपमुख्यमंत्री और वित्तमंत्री दिया कुमारी विधानसभा में कल सुबह 11 बजे बजट पेश करेंगीं वे इस दौरान आने वाले वित्त वर्ष में राज्य सरकार के खर्च का लेखा–जोखा भी देंगीं ऐसा माना जा रहा है कि बजट का केन्द्र विकसित राजस्थान/2027 के विजन पर आधारित होगां इस बजट में सरकार का फोकस, युवाओं, महिलाओं और किसानों के लिए खास घोषणाओं के साथ ही शहरी और ग्रामीण इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने पर रह सकता हैं इसके अलावा रोजगार के नये अवसरों और भर्तियों को लेकर भी उम्मीद जताई जा रही हैं वहीं निवेश, रोजगार सृजन और स्टार्टअप को बढ़ावा देने तथा पर्यटन विकास से जुड़ी योजनाओं पर भी बजट में खास ऐलान किया जा सकता हैं आमजन से लेकर सभी वर्गों में बजट घोषणाओं को लेकर उत्सुकता हैं जैसलमेर के पर्यटन व्यवसायी अरूण पुरोहित ने इस क्षेत्र के विकास के लिए बजट में विशेष प्रावधान किये जाने की उम्मीद जताई हैं

....

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज जयपुर में गोविंददेव जी मंदिर पहुंचें उन्होंने पूजा अर्चना कर कलश यात्रा को रवाना कियां बस्तीनाथ महाराज के सानिध्य में हो रही ये कलश यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई लूणियावास गोनेर स्थित बालनाथ आश्रम में पहुंचेगीं

इस मौके पर श्री शर्मा ने कहा कि सनातन संस्कृति में ऋषि–मुनियों और संतों का बड़ा महत्व हैं ये समाज को दिशा देने और रास्ता बताने का काम करते हैं

....

000

आज राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस हैं बच्चों और किशोरों की व्यापक स्वास्थ्य रणनीति के तहत कृमि संक्रमण से मुक्ति के लिए ये दिन मनाया जाता हैं इस दिन उन्हें कृमि नाशक दवा निःशुल्क दी जाती हैं प्रदेश में 13 फरवरी को भी स्कूलों और आंगनबाड़ी केन्द्रों पर मॉप–अप दिवस के तहत एलबेंडाज़ोल की सुरक्षित खुराक में दी जाएगीं

000

प्रदेशभर में सामाजिक सुरक्षा कवच मजबूत हुआ हैं 91 लाख से ज्यादा जरूरतमंदों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन का लाभ दिया जा रहा हैं राज्य सरकार ने जून 2024 में नियमों में संशोधन कर पेंशन पात्रता निर्धारण प्रक्रिया को अधिक स्पष्ट और पारदर्शी बनाया हैं सभी पात्र व्यक्तियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन का फायदा मिले, इसके लिए आवेदन प्रक्रिया को सरल कर नागरिक अनुकूल बनाया गया हैं ये प्रक्रिया ऑनलाइन तरीके से संचालित की जा रही हैं इसके जरिये बुजुर्गों, एकल नारी और विशेष योग्यजन, लघु तथा सीमांत किसानों को आर्थिक संबल सुनिश्चित किया जा रहा हैं साथ ही केन्द्र सरकार की वृद्धावस्था, विधवा और निशक्तजन पेंशन योजनाएं भी प्रदेश में व्यापक स्तर पर लागू की जा रही हैं

000

नए आयकर नियम 2026 मार्च के पहले सप्ताह में अधिसूचित किए जा सकते हैं ये नियम इस साल अप्रैल से लागू होंगें ये नियम मौजूदा आयकर नियम 1962 का स्थान लेंगें केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के सूत्रों के अनुसार नए नियमों का उद्देश्य, कर आधार को व्यापक बनाना और अनुपालन प्रक्रिया को सरल बनाना हैं आयकर विभाग ने हितधारकों से 22 फरवरी तक सुझाव और टिप्पणियां आमंत्रित की हैं

000

टी–20 क्रिकेट वर्ल्ड कप में भारत और पाकिस्तान का मुकाबला 15 फरवरी को कोलंबो में होगां पाकिस्तान की सरकार ने भारत के खिलाफ टी–20 विश्व कप मैच के बहिष्कार का अपना फैसला वापस ले लिया हैं एक शीर्ष सरकारी सूत्र के अनुसार यह निर्णय श्रीलंका और बांग्लादेश की ओर से पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को समझाने के बाद लिया गयां

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 22 फरवरी को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगें ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 131वीं कड़ी होगीं